Reg. No. :- JH-11-0004329
# अपेम लाइव न्यूज
(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)
(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)
APEM LIVE NEWS सच का साथी
दैनिक संध्या डिजीटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 31-01-2022 | अंक 129
Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र :9550809864,9431129570,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## सूचना

### पदमा स्वास्थ में केंद्र में कल दिव्यांग शिविर का आयोजन

**अपेम लाइवः पदमा**

पदमा प्रखंड के सभी जनता को सूचित किया जाता है कि स्वास्थ केंद्र में कल दिनांक 1 फरवरी को दिव्यांग शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस बात की जानकारी सदर अस्पताल की डॉक्टर रुपा घोष ने दी है।




## आज का पंचांङ्ग –

आज का अंग्रेजी दिनांकः-01.02.2022
शुभसंवत् :---2078(आनंद)
शकेः---1943
सौम्यायन याम्यगोलः
ऋतुः---शिशिर
माहः---माघ
पक्षः--कृष्ण पक्ष
तिथिः---अमावस्या तिथि दिन 11:14 मिनट तक उपरांत प्रतिपदा तिथि
दिनः---मंगलवार
नक्षत्रः---श्रवण नक्षत्र
योगः---सिद्धि
करणः---न
सूर्योदय :---प्रातः 06:34
सूर्यास्त : संध्या 05:26
सूर्य :---मकर राशि में
चंद्रमा :---मकर राशि मे
आज का राहूकाल दिनः---03:00 बजे से दिनः---04:30 बजे तक
अभिजीत मुहूर्तः---दोपहर 11:36 से 12:24 तक
(नोटः---कोई भी नया और शुभ कार्य जिस कार्य से चिरकाल तक लाभ लेना हो ऐसे प्रत्येक कार्य को अभिजीत मुहूर्त में प्रारंभ करना चाहिए यह अभिजीत मुहूर्त हरिकवती प्रिये है वहीं राहुकाल में कोई भी शुभकार्य प्रारंभ नही करना चाहिए। वहीं बुधवार को अभिजीत मुहूर्त में सभी कार्य वर्जित माना जाता है.
आज का पर्व त्यौहार,मुहूर्त व खासः---आज हनुमान चालीसा का सात पाठ करने से सभी रुके कार्य पूर्ण होता है।



आलेख :---
संदीप शर्मा
(वास्तु, कर्मकाण्ड व कुंडली परामर्श)
पुजारी---माँ भद्रकाली मंदिर इटखोरी, चतरा
सम्पर्क सूत्र-9931585660

# पुरनाडीह बन्हा में नही चलने दी जाएगी किसी की गुंडागर्दी, ग्रामीणों को डरने की नही है जरूरत : मनोज यादव

## पुरनाडीह बन्हा माइंस के खिलाफ ग्रामीण हुए एकजुट, पूर्व विधायक हुए शामिल

**अपेम लाइव : चँदवारा**

चन्दवारा प्रखंड के थाम पंचायत के पुरनाडीह गांव बनहा मे चल रहे मांइस के खिलाफ एक जुट होकर ग्रामीणों ने विरोध जताया। इसको लेकर ग्रामीणों की महा बैठक हुई। जिसमें सैकड़ो महिला पुरुष शामिल हुए। इस बैठक में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव , युवा नेता कृष्णा यादव को माइनिग से गांव वालो को होने वाली समस्यो से अवगत कराया। इस बैठक में घटनाक्रम की जानकारी देते हुए समाजसेवी अशोक यादव ने बताया कि दशरथ राणा के द्वारा गांव से लगभग 200 फीट की दूरी पर माइनिंग का काम किया जा रहा था । जब गांव वालों ने इसका विरोध किया तो दशरथ राणा ने उसको कुछ दिनों के लिए बंद कर दिया। गांव वालों को परेशान करने के लिए इस अपने माइनिंग को तिलैया गांधी स्कूल रोड निवासी महेश राय , लक्ष्मण राय, डोमचांच निवासी रामचन्द्र मेहता , तिलैया निवासी विजय शुक्ला को माइनिंग करने के लिए एग्रीमेंट कर दिया। एग्रीमेंट होने के बाद महेश राय के द्वारा 200 लोगों के जत्था के साथ माइनिंग का काम चालू कराया गया । जिसके बाद पूरनाडीह के ग्रामीणों ने इसका विरोध करना शुरू किया। ग्रामीणों के विरोध देखते हुए दशरथ राणा के द्वारा चंदवारा थाना में झूठा मुकदमा दर्ज कर ग्रामीणों को परेशान किया जा रहा है। गांव की महिलाओ ने



बैठक मे शामिल पूर्व विधायक व अतिथिगण



बैठक मे अपस्थित ग्रामीण

बताया की कल शाम को तीन चार महिलाए शौच के लिए गई । जैसे ही शौच से वापस आने लगी तो मांइस के पास से फायरिंग की आवाज आने लगी। जिससे हम तीन चार महिलाएं दौड़कर गांव की और भागने लगे और गांव वालों को इसकी जानकारी दी उसके बाद से पूरे गांव में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों की समस्या को सुन पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने कहा कि आप लोगों को डरने की जरूरत नहीं है। अगर गांव से सटा हुआ माइनिंग का काम होता है तो नियम संगत उस माइ. निंग को बंद कराया जाएगा । यहां किसी की गुंडागर्दी नहीं चलेगी । अगर कोई गुंडागर्दी करता है तो इसके लिए हम लोग कानून का सहारा लेंगे और कानून के तहत उसकी गुंडागर्दी को नहीं चलने देंगे। जिससे यहां के ग्रामीणों को कोई परेशानी का सामना ना करना पड़े। युवा नेता कृष्णा यादव ने कहा कि ग्रामीणों की समस्या के समाधान के लिए एकजुटता जरूरी है। आप डरे नहीं। हम सब आपके साथ हैं। मौके पर युवा नेता कृष्णा यादव , रितेश गुप्ता , प्रवीण कुमार उर्फ बंटी मोदी कमलेश यादव,कासिम मिया, उमेश यादव, डेगलाल यादव, दिलीप पंडित,राजेन्द्र पंडित,न रेश पासवान, बासुदेव पंडित, नसीम मियाँ, नरेश पंडित,राज कुमार यादव,अशोक पंडित, बासुदेव पंडित, डेगलाल यादव, डोमन पंडित,भीम यादव,रहिम मियाँ, लखन यादव, सरयू यादव ,प्रसाद्धी यादव, रामचन्द्र यादव ,डोमन पंडित, रहमान मियां, युगल यादव ,रामेश्वर राणा ,जानकी यादव, सोवरण राणा, तिलक राणा ,अशोक पंडित, मकबूल अंसारी, नसीम मियां ,सहदेव यादव, रामसहाय यादव समेत सैकडों ग्रामिण मौजूद थे।

# दिव्यांग शिविर में 202 दिव्यांगों की हुई जांच, 73 हुए रेफर

## बरही अनुमंडलीय अस्पताल में दिव्यांग शिविर का आयोजन, डीसी, सीएस ने की जांच

**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित/ बिरेन्द्र कुमार**

बरही अनुमंडलीय अस्पताल में सोमवार को दिव्यांग शिविर का आयोजन किया गया । शिविर में कुल 202 आवेदन शिविर में जमा हुए। सबकी जांच की गई। इनमे आँख से सं. बंधित 11 आवदेन प्राप्त हुए जिसमे दो को रेफर कर दिया गया। मानसिक रूप से बीमार 52 मरीजो जी जांच की गई। जांच में 25 रेफर किया गया। ऑर्थो से 95 आवेदन प्राप्त हुए । सभी 95 दिव्यांगों की जांच हुई। जिसमे 33 एक्सरे के लिए रेफर किए गए। ई एनटी से संबंधित 44 मरीजो की जांच हुई। इनमे 15 को रेफर किया गया। इस दिव्यांग जांच शिविर में शामिल डॉक्टरों में ऑर्थो से डॉ मयंक प्रताप, आँख से डॉ उमेश



दिव्यांग शिविर मे शामिल लोग

प्रसाद, ईएनटी से डॉ दीपक कुमार, मनचिकित्सक से डॉ रूपा घोष शामिल रहे। दिव्यांग शिविर का औचक निरीक्षण डीसी आदित्य आनंद एवं सीएस डॉ सरयू प्रसाद ने किया और जरूरी दिशा निर्देश दिए। लाभुकों में रंजीत कुमार, प्रियांशु कुमारी, सकलदेव यादव, सोनाली कुमारी, जसवा देवी, राहुल कुमार, लियाकत अंसारी, राहुल कुमार तुर्री, मेघा कुमारी, सचिन कु यादव, पप्पू प्रसाद भगत, बाल्मीकि कुमारी, पवन कुमार, पंकज कुमार रजक, अनिका कुमारी, बंधन सिंह, निक्की कुमारी, खुशी कुमारी, मो मंजूर, पंकज कुमार, प्रयाग यादव, लक्ष्मण कुमार, जागेश्वर गोप, सोनिया कुमारी, महावीर साव केशरी, क्षत्रु यादव, रंजन कुमार, रितिक यादव, पप्पु कुमार दास एवं सैकड़ो लोग शामिल थे। मौके पर डीएस प्रकाश ज्ञानी, लिपिक पंकज कुमार, डॉ मेरा. जुल, डॉ एजाज, डॉ अमन कुमार, डॉ वंदना, नरेश कुमार, एवं कुलदीप कुमार, मो उस्मान आदि मौजूद थे।

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## सुनील गिरी ने बेन्दगी पंचायत के मुखिया पद के लिए पेश की उम्मीदवारी

### पंचायत का सर्वांगीण विकास ही मेरा उद्देश्य : सुनील गिरी

**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित/ बिरेन्द्र कुमार**




बरही प्रखंड अंतर्गत बेन्दगी पंचायत के मुखिया पद के लिए समाजसेवी सुनील गिरी ने अपनी उम्मीदवारी पेश की है। उन्होंने कहा कि पिछले कई वर्षो से उन्होंने जनता की सेवा पूरी तन्मयता से की है। जनता के हर सुख और दुख में जनता के साथ खड़े रहे हैं। उन्होंने कहा कि अगर जनता उन्हें सेवा का मौका देती हैं तो उनकी प्राथमिकता रहेगी कि बेन्दगी पंचायत में सड़क, स्वास्थ, शिक्षा, सिंचाई, रोजगार का उचित साधन मुहैया कराया जाए। साथ ही कहा कि वैसे गरीब जिन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ नहीं मिल पाया है, उन्हें प्रधानमंत्री आवास उपलब्ध कराना, पंचायत में बुजुर्गो, विधवाओं को पेंशन योजना से जोड़ना शामिल है। उन्होंने पंचायतवासियों से अपील करते हुए कहा कि एक बार लोग उनका साथ और सहयोग दे ताकि पंचायत में स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार पर काम कर सकूं। उन्होंने कहा कि इस बार वह पंचायत के जनता की अदालत में है। उन्होंने बेन्दगी पंचायत के तमाम मतदाता और नौजवान साथियों से आग्रह किया कि उनका वोट अमूल्य है। वह अपने इस वोट को यूं ही बर्बाद ना करें। जात-पात, धर्म-मजहब से ऊपर उठकर पंचायत के विकास और अपने बच्चों के भविष्य के बारे में अवश्य सोचें और एक बेहतर जनप्रतिनिधि चुने।

## हज़ारीबाग़ डीसी एवं सीएस ने किया बरही अनुमंडलीय अस्पताल का औचक निरीक्षण,

### भवन निर्माण जल्द पूरा करने एवं परिसर की स्वच्छता को लेकर बीपीएम को दिए निर्देश

**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित/ बिरेन्द्र कुमार**



अनुमंडलिय अस्पताल का निरीक्षण करते डीसी व अन्य

हज़ारीबाग़ डीसी आदित्य आनंद एवं सीएस डॉ सरयू प्रसाद सोमवार को औचक निरीक्षण करने बरही अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचे। उनके साथ एसडीओ पूनम कुजूर एवं सीओ अर. विंद देवाशीष टोप्पो, डीएस डo प्रकाश ज्ञानी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान उन्होंने इमरजेंसी, ओपीडी, प्रसव कक्ष का जायजा लिया। इसके साथ ही चल रहे भवन जीर्णोद्धार कार्य का भी जायजा लिया। उन्होंने संवेदक को जल्द कार्य पूरा करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही निर्माण कार्य मे गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने की बात कही। पूरे परिसर का निरीक्षण कर स्वच्छता पर ध्यान देने की बात कही। इसके लिए बीपीएम को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। डीएस डo प्रकाश ज्ञानी ने अस्पताल की समस्या से उपायुक्त एवं सिविल सर्जन को अवगत कराया। उन्होंने दंत रोग विशेषज्ञ, अoर्थो. पेडिक, नेत्र रोग विशेषज्ञ के साथ साथ सर्जन एवं महिला चिकित्सक की कमी से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि अस्पताल में सभी सुविधाएं मुहैया कराने के प्रति अस्पताल प्रशासन गंभीर हैं। मौके पर पंकज कुमार आज़ाद, विनय सिन्हा, बीपीएम नारायण राम, बिजेंद्र कुमार, संवेदक रामचन्द्र यादव सहित कई लोग मौजूद थे।

## ग्रामीण क्षेत्र में दी जा रही टेली-लॉ की जानकारी

**अपेम लाइवः बिरनी**
**सब्बाअहमद**




बिरनी प्रखंड के अंतर्गत मनकडीह पंचायत के सीएससी सेंटर के द्वारा इन दिनों ग्रामीणों को टेली-लॉ के जरिये निशुल्क क़ानूनी सलाह प्राप्त करने के लिए जागरूक किया जा रहा है जिसमें दहेज़, परिवारिक विवाद, तलाक, घरेलु हिंसा, महिला बच्चों और वरिष्ठ नागरिकों का भरण पोषण, जमेंनी दृ जायदाद व सम्पति का अधिकार बच्चों के शिक्षा के अधिकार, बाल मजदूरी, एफ आई आर लिखवाने और जमानत मिलने की प्रक्रिया इन मामलों में क़ानूनी सलाह लिया जा सकता है वहीँ संचालक गौतम कुमार भदानी ने बताया की जो लोग टेली-लों के सुविधा प्राप्त करना चाहते है उन्हें पहले सीएसी सेण्टर में जाकर ऑनलाइन अपॉ. इंटमेंट बुक करना होता जहाँ केश रजिस्ट्रेशन के समय लाभुक द्वारा दी गयी मोबाइल नंबर पर अधिकृत वकीलों के द्वारा फोन कर उन्हें क़ानूनी सलाह दी जाती है ु जिसमें महिलाये, 18 वर्ष से कम उम्र के बचे , अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति औधो. गिककामगार /श्रमिक/ मजदुर, प्राकृतिक आपदा से पीड़ित, दिव्यांग व्यक्ति, बी पी एल परिवार ऐसे व्यक्ति जो हिरासत में है ये लोग निःशुल्क क़ानूनी सलाह पाने के हक़दार है ।

## भाकपा माले ने प्रतिवाद मार्च निकाल कर मनाया देशव्यापी विश्वासघात दिवस

**अपेम लाइवः गिरिडिह**
**रोहित कुमार**



प्रतिवाद मार्च मे शामिल भाकपा माले के लोग




गिरिडीह के गांधी मैदान में अखिल भारतीय किसान महासभा और भाकपास माले के द्वारा किसान आंदोलन में शहीद हुए क्रांतिकारी साथियों के सम्मानित के लिए प्रतिवाद मार्च निकाला गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पार्टी जिला सचिव पूरन महतो उपस्थित हुए। प्रतिवाद मार्च की शुरुआत झंडा मैदान से टावर चौक पहुंची एवं सभा आयोजित किया गया। वक्ताओं ने कहा कि भाजपा के जन विरोधी नीतियों के खिलाफ भाकपा माले समेत तमाम वामदल आज किसानों के समर्थन में पूरे देश स्तर पर विश्वासघात दिवस मना रही है। भाकपा माले नेता पूरन महतो ने कहा कि जनता के जन समस्याओं से यहां के विधायक और सांसद को कोई लेना देना नहीं है। जनता के जनहित मुद्दों के लिए भाकपा माले हमेशा यहाँ के छात्र - नौजवान, किसान - मजदूरों के आवाज को बुलंद करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि गद्दर पावर ग्रिड और भिखी घाटी एनओसी एवं स्थाई बीडीओ सीओ की मांगों पर यदि कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया तो भाकपा माले पुनः फिर से गांवा प्रखंड मुख्यालय पर उग्र आंदोलन करने को बाध्य होगी। उन्होंने कहा कि केंद्र के मोदी सरकार किसानों के साथ विश्वासघात करने का काम किया है। आंदोलनकारी किसानों के साथ किए गए वादों को पूरा करो, देश के सार्वजनिक संपत्ति को बेचना बंद करो, फैक्ट्री मज. दूरों का शोषण करना बंद करो, माले नेताओं पर लादे गए फर्जी मुकदमें वापस लेने की मांग की गई। मौक़े पर जिला सचिव पूरन महतो , नोसद अहमद , महेश , सुरेश राम समेत दर्जनों लोग उप. स्थित थे।

## भाकपा माले ने प्रतिवाद मार्च निकाल कर मनाया देशव्यापी विश्वासघात दिवस।

### 15 दिनों के अंदर स्थायी बीडीओ, सीओ और एनओसी नही दी गयी तो होगा आंदोलन : नागेश्वर यादव

**अपेम लाइवः गावां**
**मुजाहिद अली**




गांवा प्रखंड के हटिया मैदान में इंकलाबी नौजवान सभा, अखिल भारतीय किसान महासभा और भाकपा माले के द्वारा किसान आंदोलन में शहीद हुए क्रांतिकारी साथियों के याद में 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई और प्रतिवाद मार्च निकाला गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पार्टी प्रखंड सचिव नागेश्वर यादव उप. स्थित हुए। प्रतिवाद मार्च की शुरुआत हटिया मैदान से पूरे गांवा बाजार होते हुए प्रखंड मुख्यालय पहुंची एवं सभा आयोजित किया गया। वक्ताओं ने कहा कि भाजपा के जन विरोधी नीतियों के खिलाफ भाकपा माले समेत तमाम वामदल आज किसानों के समर्थन में पूरे देश स्तर पर विश्वासघात दिवस मना रही है। भाकपा माले नेता नागेश्वर यादव ने कहा कि जनता के जन समस्याओं से यहां के विधायक और सांसद को कोई लेना देना नहीं है। जनता के जनहित मुद्दों के लिए भाकपा माले हमेशा यहाँ के छात्र - ना. जवान, किसान - मजदूरों के आवाज को बुलंद करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि गद्दर पावर ग्रिड और भिखी घाटी एनओसी एवं स्थाई बीडीओ सीओ की मांगों पर यदि कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया तो भाकपा माले पुनः फिर से गांवा प्रखंड मुख्यालय पर उग्र आंदोलन करने को बाध्य होगी। उन्होंने कहा कि केंद्र के मोदी सरकार किसानों के साथ विश्वासघात करने का काम किया है। आंदोलनकारी किसानों के साथ किए गए वादों को पूरा करो, देश के सार्वजनिक संपत्ति को बेचना बंद करो, फैक्ट्री मजदूरों का शोषण करना बंद करो, माले नेताओं पर लादे गए फर्जी मुकदमें वापस लेने की मांग की गई। मौक़े पर इंनौस जिला सचिव अशोक मिस्त्री, जिला कमिटी सदस्य सकलदेव यादव, आनंदी यादव,अकलेश यादव, पवन चौधरी, जीतेन्द्र कुमार, अशोक यादव, सुरेश चौधरी, रंजीत कुमार, पिंटू कुमार, प्रदीप कुमार, जासो देवी, मीणा देवी समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

दिनांक: 31-01-2022

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर



## सेवानिवृत शिक्षक दिलीप कुमार के लिए विदाई समारोह का किया गया आयोजन

**अपेम लाइवः गावां**
**मुजाहिद अली**




विदाई समारोह मे शामिल लोग

गावां प्रखण्ड स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय खेरडा के प्रधानाध्यापक श्री दिलीप कुमार के विदाई को लेकर विद्यालय परिषर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया और भावभीनी विदाई दी गयी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित संकुल के सीआरपी अजय कुमार पंडित ने कहा कि शिक्षण कार्य मे शिक्षक दिलीप कुमार योगदान काफी सराहनीय रहा है। इनके सेवा कार्य से खेरडा पिहरा क्षेत्र के बच्चों को काफी लाभ हुआ है जिसे यहां के बच्चे, अभिभावक और हमलोग नही भूला सकते है। मौके पर विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक रविन्द्र कुमार, नवीन चन्द्र विश्वास, अर्जुन गुप्ता, नीलम चौधरी, विकास कुमार, राजेन्द्र प्रसाद, संतोष मिस्री, मेहन्द्र चौधरी, याशीन अंसारी, शम्भू कुमार आदि लोग मौजूद थे।

## भाजपाइयों ने हेमंत सोरेन का फुंका पुतला

**अपेम लाइवः चलकुशा**
**विक्रम सिंह**



पुतला दहन करते भाजपाई कार्यकर्ता

चलकुशा : प्रखंड में भाजपा मंडल अध्यक्ष अशोक वर्णवाल, उपाध्यक्ष विजय चौधरी के नेतृत्व में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष पूर्व सांसद सह हुडको के निदेशक रविंद्र कुमार राय के साथ बोकारो के तेलमचो में अराजक तत्वों तत्वों के द्वारा हमला करने के विरुद्ध भाजपाइयों ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला दहन प्रखंड मुख्यालय के सामने में किया। झारखंड सरकार के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खिलाफ नारेबाजी एवं पुतला दहन किया। मौके पर सांसद प्रतिनिधि सुखदेव यादव, सुबोध चौधरी, विधायक प्रतिनिधि दिनेश सिंह, युवा नेता आलोक सिंह, महामंत्री अजय सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष राजेंद्र साव, अशोक यादव, गोविंद चौधरी, शंकर ठाकुर, मो. हसिन कमाल, सुखदेव सिंह, नंदलाल राणा, रामू पंडित, चलकुशा मंडल के सभी मंच मोर्चा सभी कार्य समिति कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## सिमानी गाँव मे शतचंडी महायज्ञ सह दुर्गा देवी स्थान्तरण महोत्सव 8 फरवरी से

**अपेम लाइवः बिरनी**
**सब्बा अहमद**



झारखण्डधाम के सटे सीमावर्ती क्षेत्र सिमानी गाँव मे अगामी 8 फरवरी से 16 फरवरी तक श्री श्री 108 शतचंडी महायज्ञ सह दुर्गा देवी स्थान्तरण महोत्सव का आयोजन गाँव के लोंगो द्वारा किया जाएगा।यज्ञ समिती के लोगों ने बताया यह कार्यक्रम यज्ञाचार्य आचार्य श्री बिनोद पाण्डेय के नेतृत्व में यह 9 दिवसीय यज्ञ कार्यक्रम आयोजित होगा ,जिसमे आजमगढ़ (उत्तरप्रदेश) के राष्टीय मानस प्रवक्ता पं गोविंद शास्त्री जी महाराज एवं प्रवाचीक श्री मती वंदना शास्त्री के द्वारा प्रवचन कार्यक्रम हा. ेगा।कोविड नियमों का पालन करते हुए इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए यज्ञ समिति के लोकनाथ महतो, एतवारी महतो, दिनेश वर्मा, मनोहर कुमार, मुंशी वर्मा,अनिल वर्मा,विवेक वर्मा सहित पूरे गांव के लोग जोर -सोर से लगे हुए है।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बरगंडा में सोमवार को आचार्य की सेवानिवृत्ति पर विदाई सह सम्मान समारोह आयोजित किया गया

**अपेम लाइवः गिरिडिह**
**प्रमोद कुमार गुप्ता**



मौके पर प्रधानाचार्य शिव कुमार चौधरी ने कहा कि आज अपने विद्यालय के वरिष्ठ गणित आचार्य श्री प्रदीप सिंह की सेवानिवृत्ति पर सम्मान समारोह आयोजित किया गया है।यह विद्यालय के एक ऐसे आचार्य थे जिनके पढ़ाए हुए छात्र-छात्रा विभिन्न सेवाओं में कार्यरत हैं। यह विदाई नहीं बल्कि एक परंपरा का निर्वहन है।गणित के कठिन सवालों को अद्भुत कुशलता से सरल बना कर छात्रों के दिमाग तक पहुंचाने में ये माहिर थे। कठिन सूत्रों को भी निज ढंग से आसान कर देते थे। मौके पर समिति उपाध्यक्ष डॉ0 सतीश्वर प्रसाद सिन्हा ने कहा कि सेवानिवृत्ति एक अत्यंत व्यक्तिगत कार्यक्रम है।वैधानिक रूप से जब व्यक्ति किसी सेवा में आता है तो उसी दिन उसकी सेवानिवृत्ति की निश्चिंता हो जाती है। प्रदीप जी विद्यालय की सेवा ईमानदारी पूर्वक किया एवं छात्रों में सकारात्मक भाव को भरने का काम किया। इस सम्मान समारोह में प्रदीप जी को श०ल, पुष्पगुच्छ, अर्जित अवकाश मानधन, ग्रेच्युटी,प्रशस्ति पत्र आदि प्रदान की गई।समिति सचिव दीपक शर्मा ने प्रदीप जी को अंगूठी पहना कर सम्मानित किया।मौके पर श्री अरविंद कुमार त्रिवेदी,राजीव सिन्हा,सुम्मी सौरभ,गीता चरणपहाड़ी ने अपने उद्गार उनके साथ बीते हुए पल को साझा किया।वहीं राजीव रंजन, पृथा सिन्हा, निशा श्रेष्ठ, बेबी सरकार बिपिन सहाय, मनीष पाठक ने संयुक्त रूप से विदाई गीत का गायन किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में अजीत कुमार मिश्रा राजेंद्र लाल बरनवाल नागमणि सिंह शिवनंदन कुशवाहा उमेश पाण्डेय कोकिलचंद आदि का सराहनीय योगदान रहा।

## पूर्व सांसद पर हुए हमले के खिलाफ भाजपा कार्यकर्ताओं ने फूंका हेमंत सोरेन का पुतला

**अपेम लाइवः गावां**
**मुजाहिद अली**



गावां प्रखण्ड अंतर्गत पिहरा मानपुर चौक पर सोमवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने पूर्व सांसद रविन्द्र कुमार राय पर हुए हमले के खिलाफ झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला फूंका। कार्यक्रम में उपस्थित भाजपा नेता सौदागर साव एवं योगेंद्र साव ने कहा कि यह निकम्मी सरकार मंत्री, विधायक और सांसद को सुरक्षा नही दे सकती है तो यहां की जनता को क्या सुरक्षित रख पाएगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के पिताजी शिबू सोरेन के आवास के पास जब बम धमाका हो सकता है तो आप अनुमान लगा सकते है इस सरकार में जनता का क्या हाल होगा। जब से राज्य में हेमन्त शोरेन की सरकार बनी है तब से यहां गुंडागर्दी और भ्रस्टाचार काफी बढ़ गया है। कहा कि यदि सरकार अपने रवैये में सुधार नही करती है और गुंडागर्दी करना बंद नही करती है तो हमलोग सड़कों पर उतर कर प्रदर्शन करने का काम करेंगे। मौके पर भाजपा के दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

THE MECHANICS

विक्रम बाइक रिपेयरिंग सेंटर

प्रो० - विक्रम कुमार

हमारे यहां सभी प्रकार का बाइक रिपेयर किया जाता है।



TVS Hero BAJAJ HONDA YAMAHA SUZUKI ROYAL ENFIELD PIAGGIO Mahindra 2 Wheelers

पता : कोइली मोड़, रसोइया धमना | संपर्क सूत्र :- 6200723851

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## विभावि कुलपति पर जातिसूचक टिपण्णी का आरोप लगा अपने भ्रस्टाचार को नही छिपा सकते संत कोलंबा प्राचार्यः मिलन मुंडा

**अपेन लाइव : हजारीबाग**
**अमरजीत सिंह**



अखिल भारतीय विद्यार्थी परिसद हजारीबाग के जनजातीय कार्य प्रमुख मिलन मुंडा ने एक बयान जारी कर संत-कोलंबा महाविद्यालय प्राचार्य को आइना दिखाते हुए कहा की प्राचार्य किस मुंह से अपने आप को आदिवासी कहते हैं, वे तो अपना धर्म परिवर्तन कर क्रिसचौनिटी को अपना चुके हैं,जिसके वजह से आज वे संत कोलंबा के प्राचार्य हैं! साथ हीं मिलन ने कहा कि प्राचार्य अपने ओछी हरकतों से बाज आएं और समाज में जहर घोलना बंद करें,अपने ऊपर भ्रस्ताचार के लगे संगीन आरोपों और आरोपों की पुष्टि से बचने के लिए भारत के संविधान में जनजातीय समाज को मिले अधिकारों का दुरुपयोग करना बंद करें! महाविद्यालय प्राचार्य ने शिक्षा जगत को फिर एक बार शर्मसार किया है। भ्रस्टाचार के आरोपों की जांच करने हेतु विश्व विद्यालय द्वारा बनाई गई कमिटी के द्वारा लगभग 58 लाख रुपये से अधिक गबन के आरोपों की पुष्टि के साथ-साथ अपने महाविद्यालय के विभिन्न मदों से रुपये गायब करने के संगीन आरोप झेल रहे प्राचार्य शुशील टोप्पो द्वारा जब बचने का कोई रास्ता नही दिखा,तो विभावि कुल. पति पर अपने सड़क-छाप सलाहकारों के ईसारे पर आरोप लगाने का सलाह इन्हें भारी पड़ गया चुकी कुलपति महोदय के कक्ष में अ०डियो+विडिओ रेक०र्ड करने वाला सीसीटीवी लगा हुआ है। अभाविप प्राचार्य सुशील टोप्पो के इस आचरण का कठोर शब्दों में निंदा करता है, साथ हीं विश्वविद्यालय प्रशासन से मांग करता है की प्राचार्य को सिंडिकेट के निर्णय में सेवा मुक्त करने का जो फ़ैसला लिया गया था, जिसको बाद में कुछ कथित छात्र नेता और मंत्री के दबाव में विवि प्रशासन द्वारा रोक लगा दिया गया था, जो की विश्व विद्यालय अधिनियम का घोर उल्लंघन था, सिंडिकेट के द्वारा लिए गए निर्णय को माननीय कुलपति बदल नही सकते! अतः अभाविप विश्व विद्यालय प्रशासन से मांग करता है कि अविलंब संत कोलंबा महाविद्यालय का अ०डिट रिपोर्ट एवम प्राचार्य के ऊपर लगभग58 लाख गबन के आरोपों की जांच रिपोर्ट को सार्वजनिक करते हुए प्राचार्य को सेवा मुक्त करने का काम करें,अन्यथा अभाविप उग्र आंदोलन को बाध्य होगा! साथ हीं ,जरूरत पड़ी तो राजभवन के साथ-साथ न्यालय का भी दरवाजा खट-खटाते हुए प्राचार्य पर समुचित कार्यवाई की मांग करेगा ।

## कान्हाचट्टी प्रखण्ड के कान्हाचट्टी बाजार से पांडेय महुआ जाने वाली रोड़ में पड़ने वाली बड़की नदी पूल मरम्मती में संवेदक की लापरवाही आ रहा है सामने

### गार्डवाल ढलाई में घटिया सीमेंट का हुआ है उपयोग, ग्रामीणों ने जांच कर संवेदक पर कार्रवाई की मांग किये हैं

**अपेम लाइव : कान्हाचट्टी**
**प्रमोद सिंह**





सरकार विकास कार्यो पर लाखों करोड़ों भले ही खर्च कर ले, लेकिन खर्च स्टीमेट के हिसाब से नहीं होकर, मनमाने ढंग से विकास कार्य कराया जा रहा है।और विकास के नाम पर मानो खुली छूट मिली हो।प्राक्कलन जिस तरह से रहता है खर्च उसका पच्चास प्रतिशत भी नहीं हो रहा है।यदि कुछ कार्य हो भी रहा है तो ऐसा काम की वह कार्य शीघ्र फिर बनाने लायक हो जा रहा है। ऐसा ही विकास कार्य मे घटिया कार्य करा कर लूट मचाने वाले मामला कान्हाचट्टी प्रखण्ड के कान्हाचट्टी बाजार से पांडेय महुआ जाने वाली पड़ने वाली सडकवमे पड़ने वाली छती ग्रस्त पुलिया का है।ि. जसमे छती ग्रस्त पार्ट का कार्य करवाने के लिए टेंडर तो निकला और कार्य भी संवेदक करा रहा है।लेकिन प्राक्कलन के अनुरूप कार्य नहीं हो रहा है।इस पूल का प्राक्कलन लगभग तेतालिस लाख रुपये की है।जिसमे गार्डवाल,एप्रोच पथ में पी सी सी एवं पानी बहने वाले लेयर को ढलाई करना है।जिसमे वर्तमान में गार्डवाल का काम हो रहा है।जिसमे को सीमेंट लगाना है उस सी. मेंट को न लगाकर दूसरे यानी घटिया सीमेंट से तथा छः एक के मशाला से गा. र्डवाल की ढलाई किया जा रहा है।तथा जितना ढलाई किया गया है उसमें पानी नहीं दिया गया है।कई जानकार इंजीनियर बताते हैं कि कोई भी सीमेंट में पानी महत्वपूर्ण स्थान रखता है।पानी ही सीमेंट को मजबूती प्रदान करता है। घटिया मिट्टी युक्त बालू से किया गया है गार्डवाल की ढलाईरू-गार्ड वाल के निर्माण में घटिया बालू का उपयोग किया गया है।गार्ड वाल निर्माण के प्रारम्भ में ही कार्यापलक अभियंता ने घटिया बालू निर्माण में नही लगाने का निर्देश दिया था बावजूद संवेदक मिट्टी युक्त बालू को लगाकर गार्डवाल ढलाई किया।

**अभियंताओं के आदेश पर भारी है संवेदक की मन. मानी** : अभियंताओं के आदेश के बावजूद भी संवेदक संजीत सिंह के द्वारा मनमाने ढंग से कार्य करना भी संवेदक की दादा. गिरी ही कहिए।चुकी कार्यपालक अभियंता ने आदेश दिया था कि तीस ट्रेक्टर बालू जो कार्य स्थल पर गिराया गया था उसे मिट्टी युक्त बालू होने के कारण बालू कार्य मे नही लगाने का निर्देश दिया था,बावजूद संवेदक की मनमाने ही कहिए कि वह मिट्टी युक्त बालू लगाकर गार्डवाल की ढलाई किया है। पूल की लम्बी लाईफ के साथ कर रहा है खिलवाड़रू- जिस तरह से पूल की कार्य मे संवेदक के द्वारा मिट्टी युक्त बालू लगाया गया है उस तरह से पूल का लम्बी लाईफ नहीं हो सकता है। कुछ ही दिनों में पुनः पूल क्षतिग्रस्त से इनकार नहीं किया जा सकता है।बालू भी मिट्टी युक्त, सीमेंट पूल में जो सीमेंट लगना चाहिए वो नही लगाया गया उसके बाद पानी भी ढलाई में नहीं दिया गया,जिससे पूल की लंबी आयु कम हो जाएगा और सरकारी राशि का दुरुपयोग ही हो जा रहा है।ग्रामीणों ने स्वतंत्र एजेंसी से पुल निर्माण की जांच की मांग किया हैरू- कान्हाचट्टी प्रखण्ड के ग्रामीणों ने कहा है कि यदि पूल की निर्माण या मरम्मती कार्य की स्वतंत्र एजेंसी से जांच किया गया तो कार्य मे गुनवत्ता की पोल खुल जाएगा।ग्रामीणों ने उपायुक्त एवं उप विकास आयुक्त से जांच कराकर गुणवत्तायुक्त कार्य करवाने की मांग किया है।

## क्राईम कंट्रोल को ले सख्त हुआ शासन, मंडल कारा में छापामारी से मचा हड़कंप

### डीसी अंजलि यादव व एसपी राकेश रंजन के संयुक्त नेतृत्व में करीब तीन घंटे चली छापेमारी

**अपेम लाइव : कान्हाचट्टी**
**प्रमोद सिंह**




चतरा जिले में क्राइम कंट्रोल को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह सख्ती के मूड में आ चुका है। दिन-प्रतिदिन बढ़ते क्राइम ग्राफ पर ब्रेक लगाने को लेकर जहां एसपी के निर्देश पर जिले के सभी थाना क्षेत्रों में नि. रंतर सघन एंटी क्राइम चे. कंग अभियान चलाया जा रहा है, वही डीसी और एसपी के संयुक्त नेतृत्व में जेल में बंद हर छोटे-बड़े अपराधियों कर हर गतिविधि पर भी पैनी नजर रखी जा रही है। देर रात डीसी और एसपी के संयुक्त नेतृत्व में चतरा मंडल कारा में सघन छापामारी अभियान चलाया गया। करीब तीन घंटे तक चले छापेमारी अभियान के दौरान जेल के विभिन्न वार्डो और सेलों से 127 पुड़िया खैनी, 13 चुनौटी, दो माचिस व कील ठोंकने वाला लोहा गुटका समेत कई आ. पत्तिजनक सामान बरामद किए गए हैं। जिसके बाद जिला प्रशासन जेल में प्रति. बंधित सामान और वस्तुओं का उपयोग करने वाले कैदियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करने में जुटी है। साथ ही इस बात की भी जांच की जा रही है कि जेल में बंद अपराधियों व अन्य बंदियों तक आपत्तिजनक सामान कैसे पहुंचा। छापामारी अभियान में एसडीओ मुमताज अंसारी, चतरा एसडीपीओ अविनाश कुमार, डीएसपी मुख्यालय केदारनाथ राम, सिमरिया एसडीपीओ अशोक प्रियदर्शी, बीडीओ गणेश रजक, सीओ भगीरथ महतो व सदर थाना प्रभारी लव कुमार समेत करीब डेढ़ सौ अधिकारी व जवान शामिल थे। जेल में सभी वार्डो व सेलों में सर्च अभियान रात करीब 10 बजे से करीब एक बजे तक चला। जिला प्रशासन की इस कार्रवाई से जेल प्रबंधन के साथ-साथ मंडल कारा में बंद बंदियों में हड़कंप मचा हुआ है।

**जेल आईजी को भेजी जा रही रिपोर्ट : डीसी**

इधर इस पूरे मामले में उपायुक्त अंजली यादव ने कहा है कि क्राइम कंट्रोल को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह गंभीर है। किसी भी परिस्थिति में अपराधियों के मंसूबों को कामयाब नहीं होने दिया जाएगा। मंडल कारा में छापामारी के दौरान बरामद आपत्तिजनक सामानों की सूची व विस्तृत रिपोर्ट जेल आईजी व सबंधित विभागों को भेजी जा रही है। मामले में उच्च. ाधिकारियों से गाईडलाईन प्राप्त होते ही अग्रतर कार्रवाई की जाएगी।

**जेल पर भी है पुलिस की पैनी नजर, अपराध की मंसूबों को करेंगे नेस्तनाबूद : एसपी**

वहीं एसपी राकेश रंजन ने कहा है कि जेल में बंद हर छोटे-बड़े अपराधियों की हर गतिविधि पर पुलिस की पैनी नजर है। अपराध की हर गलत मंसूबों को ससमय चिन्हित करते हुए नेस्तनाबूद करने के प्रति चतरा पुलिस पूरी तरह कटिबद्ध है।

## झारखण्ड सरकार सभी मोर्चो पर फेल : सतीश

### भाजपाई ने मुख्यमंत्री का फूंका पुतला

**अपेम लाइव : कान्हाचट्टी**
**प्रमोद सिंह**



सोमवार को प्रदेश नेतृत्व के दिशा निर्देश पर झारखण्ड में बेकाबू कानून ब्यवस्था के कारण कान्हाचट्टी मंडल में भारतीय जनता पार्टी के द्वारा झारखंड प्रदेश के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष आदरणीय रविंद्र राय जी के ऊपर जानलेवा हमला किया गया जिसके विरोध में सभी भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता झारखंड सरकार के निकम्मी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला दहन किया गया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व भाजपा मंडल अध्यक्ष सतीश सिंह व संचालन मंडल महामंत्री शंकर दयाल सिंह ने किया। वही मौके पर उप. स्थित लोगो के सम्बोधित करते हुए मण्डल अध्यक्ष सतीश सिंह ने कहा कि झारखण्ड के वर्तमान हेमंत सरकार में कानून ब्यवस्था नाम के कोई चीज नहीं रह गया है।रविंद्र राय पर हमला सरकार के विफलता को दर्शाता हैं।सिंह ने कहा कि जिस राज्य में पूर्व सांसद या विधायक सुरिक्षत नहीं है तो आम आवाम का क्या हाल हा. ेगा।मौके पर भाजपा के जिला उपाध्यक्ष तिलेश्वर पासवान युवा मोर्चा प्रदेश महामंत्री रुपेश सिन्हा प्रदेश मंत्री अमित साहू आईटी सेल प्रभारी प्रदेश युवा मोर्चा सुमन सौरभ तिवारी जिला अध्यक्ष युवा मोर्चा अभिषेक केसरी भाजयूमो जिला कार्यसमिति सदस्य पंकज राय किसान मोर्चा जिला महामंत्री शशिकांत तिवारी दीपक शर्मा अविनाश मिश्रा जिला मीडिया प्रभारी चंदन केसरी भाजयुमो मंडल अध्यक्ष दीपक वर्मा अनुसूचित जाति मोर्चा जिला मंत्री कमांडो रजक सांसद प्रतिनिधि राम रंजन साहू अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिला महामंत्री सिकंदर सिंह खरवार कान्हा चट्टी मंडल के मीडिया प्रभारी प्रिंस केसरी उदय चंद्रवंशी पंकज सिंह सचिन संदीप सिंह एवं अनेकों भाजपाई कार्यकर्ता उपस्थित थे हेमंत सोरेन मुर्दाबाद आदि नारा लगाया

## सेवानिवृत्त शिक्षक रविकांत सिन्हा को विदाई दी गई

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**




उत्क्रमित उच्च विद्यालय सिकरी के सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक रविकांत सिन्हा की विदाई समारोह का आयोजन किया गया । शिक्षक निरंजन कुमार एवं अन्य शिक्षकों ने श्री सिन्हा को सेवानिवृत्त होने पर माला पहनाकर एवं श०ल ओढ़ाकर सम्मानित किया। श्री सिन्हा फरवरी 2004 से लेकर 31 जनवरी 2022 तक सिकरी उत्क्रमित उच्च विद्यालय में अपना सराहनीय योगदान दिया। मौके पर मुखिया आशा सिंह, निरंजन राम, पंकज कुमार दास, अरुण कुमार गुप्ता, हरीश चंद्र प्रसाद, जगत किशोर प्रसाद, अशोक कुमार, सुशीला कुमारी, तालेश्वर कुमार, कार्तिक राम, भोलेश्वर महतो, नरेश कुमार गुप्ता भोला गुप्ता , प्रयाग कुमार (उप मुखिया) बंसी राम, सहित सैकड़ों ग्रामीण एवं अन्य उपस्थित थे।

डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, एडिटिंग- धनंजय कुमार मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## संशोधित समाचार

## बकाया बिजली बिल एवं अवैध बिजली कनेक्शन को लेकर छापेमारी 40 लोगों की बिजली कनेक्शन काटी गई

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**



छापेमारी में शामिल कनीय अभियंता सत्य देव कुमार एवं बिजली कर्मी

बड़कागांव प्रखंड में अवैध बिजली जलाने एवं बकाया बिजली बिल को लेकर बिजली विभाग के कनीय अभियंता सत्यदेव कुमार के द्वारा सघन छापेमारी की जा रही है । सोमवार को बड़कागांव, चंदौल, एवं पून्दोल गांव में छापेमारी की गई जिसमें लगभग 40 लोगों की बिजली कने. क्शन काट दी गई। इस दौरान कनीय अभियंता सत्यदेव कुमार ने बिजली उपभोक्ताओं से अपील करते हुए कहा कि अवैध रूप से बिजली नहीं जलाएं समय पर बिजली बिल का भुगतान निरंतर करते रहें। छापेमारी में मुख्य रूप से नरसिंह सोनी, अरविंद कुमार , अजय कुमार , राजू कुमार , रवि कुमार के अलावा अन्य शामिल थे।

## बड़कागांव में बसंत पंचमी को लेकर तैयारी जोरों पर

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**



मूर्ति की खरीदारी करते लोग

बड़कागांव में बसंत पंचमी सरस्वती पूजा को लेकर कलाकारों के द्वारा मूर्तियों को अंतिम रूप देने में लगे हुए हैं। विद्यार्थी जीवन में सरस्वती पूजा का एक अहम स्थान होता है। इस वर्ष सरस्वती पूजा 5 फरवरी को मनाई जाएगी। हालांकि, इस बार कोरोना महामारी के चलते सभी शिक्षण संस्थान बंद हैं। बा. वजूद, इन शिक्षण संस्थानों में सरस्वती पूजा को लेकर चर्चाएं जोरों पर है। इसके अलावा सरस्वती पूजा युवाओं एवं अनुभवी – बुद्धिजीवियों के द्वारा हर गली मोहल्ले में की जाती है। एसएस पब्लिक स्कूल चूरचू के निदेशक दुलारचंद गुप्ता एवं बाल विद्या आश्रम के प्रधानाध्यापक रंजीत प्रसाद ने बताया कि ल०क डाउन होने के कारण विद्यालय बंद है, लेकिन सरस्वती पूजा मनाने की जो परंपरा है उसे भी जारी रखना है। हालांकि विद्यालय बंद होने के कारण विद्यार्थी स्कूल कम आएंगे। वहीं बड़कागांव एसबीआई बैंक के बगल में मूर्ति बना रहे मूर्तिकार निरंजन प्रजापति ने बताया कि मैं सरस्वती मां का मूर्ति बनाने का कार्य 2000 ई से कर रहा हूं। अब इस कार्य को करते हुए लगभग 22 साल हो चुके हैं। आगे उन्होंने कहा कि इस वर्ष कोरोना महामारी के कारण विद्यालय बंद होने के कारण मूर्तियों की मांग कम है इसलिए इस बार कम मूर्ति बनाया गया है।

## झारखंड प्रदेश विद्यालय रसोइया संयोजिका संघ की बैठक संपन्न

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**




बैठक में शामिल रसोईया संयोजिका

बड़कागांव ब्लॉक मोड़ फुटबॉल मैदान बड़कागांव में बड़कागांव और केरेडारी प्रखंड की प्रखंड स्तरीय झारखंड प्रदेश विद्यालय रसोइया संयोजिका संघ की बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता बड़कागांव प्रखंड अध्यक्ष आरती वर्मा एवं संचालन केरेडारी प्रखंड अध्यक्ष कौशल्या देवी के द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष अजीत प्रजापति, जिला अध्यक्ष महेंद्र राम पासवान, प्रदेश कोषाध्यक्ष अनिता देवी कार्यक्रम में उपस्थित हुए। जिला अध्यक्ष महेंद्र राम ने कहा के देश के नौनेहालो को हर दिन भोजन परोसने का काम विद्यालय की रसोइया और संयोजिका करती है। परन्तु राज्य सरकार रसोइयों को उपेक्षा की दृष्टि से देख रही है। विद्यालय खुलने से बंद होने तक छः से सात घंटे विद्यालय अवधि में काम करने वाली कर्मियों को न्यूनतम मजदूरी से भी कम भुगतान किया जाता है। वहीं कोई सामान्य व्यक्ति न्यूनतम मजदूरी से कम मजदूरी का भुगतान करता है तो सरकार उसके खिलाफ मजदूरों के शोषण का केस दर्ज करती है परंतु राज्य सरकार रसोइयों को न्यूनतम मजदूरी से भी कम भुगतान करके गरीबों का शोषण करने में लगी है। मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष अजीत प्रजापति ने कहा के राज्य सरकार न्यूनतम मजदूरी दे कर मानवाधिकार का हनन कर रही। अपनी मांगों को लेकर आगामी फरवरी में आयोजित होने वाली बजट सत्र में घेरा डालो डेरा डालो अभियान के तहत रांची जा कर सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करने की बात की। प्रदेश कोषाध्यक्ष अनिता देवी ने कहा के 12 महीने का मजदूरी मिलना चाहिए अन्यथा आंदोलन किया जाएगा। बैठक में संघ द्वारा निर्णय लिया गया के संवेदक अक्षय पात्रा द्वारा डब्बा बंद खाना शुरू करने के खिलाफ एवं हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा के खिलाफ हजारीबाग में जोरदार धरना प्रदर्शन किया जाएगा। वर्षो से काम कर रही रसोइया संवेदक द्वारा बना हुआ खाना विद्यालय में भेजने का काम करने जा रही है संघ कभी भी इस बात को बर्दास्त नहीं करेगी। बैठक में मुख्य रूप से मौसमी देवी, मानो देवी, नूरजहां निशा, जैनब खातून, मोहनी देवी, किरण देवी, कुंती देवी, रीता देवी, ललिता देवी, गीता देवी, सीता देवी सहित सैंकड़ों की संख्या में रसोइया संघ की महिलाएं उपस्थित थी।

## बिना TCB खुदे ही कर ली गई लाखों की निकासी

**अपेम लाइव : बिरनी/गिरिडीह**
**सब्बा अहमद**



Work Register Detail

State : JHARKHAND District : GIRIDIH Block : Birni Panchayat : PESHAM
Work Code:3419003024/IF/7080901798104
Work Name :GRAM PESHAM PRAMESHWAR CHOUDHARI KE JAMIN PER TCB NIRMAN

Wage Payment Detail

| S No. | MSR NO. | Wage List No. | Persondays | Amount Paid | Amount Due |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 8849 | 3419003WL086926 | 60 | 13500 | 0 |
| 2 | 9276 | 3419003WL090841 | 54 | 12150 | 0 |
| 3 | 9729 | 3419003WL097578 | 60 | 13500 | 0 |
| 4 | 10326 | 3419003WL102883 | 50 | 11250 | 0 |
| 5 | 11031 | 3419003WL110494 | 54 | 12150 | 0 |
| | | Total | 278 | 62550 | 0 |

Material Payment Detail

| S No. | Bill NO. | Voucher No. | Bill Date | Amount Paid | Amount Due |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | Total | 0 | 0 |

Skilled/Semiskilled Payment detail

| S No. | MSR NO. | Wage List No. | Persondays | Amount Paid | Amount Due |
|---|---|---|---|---|---|
| | | Total | 0 | 0 | 0 |

| Wage | | Material | | Skilled/Semiskilled | | Total | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Amount Paid | Amount Due | Amount Paid | Amount Due | Amount Paid | Amount Due | Total Paid | Total Due |
| 62550 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 62550 | 0 |

बिरनी प्रखंड के पंचायत पेशम में लगातार भ्रष्टाचार का मामला सामने आता रहा है और लगातार ऐसे मामलों पर मुखर होकर समाजसेवी विक्रम आनंद र०य हमेशा से ही संघर्ष करते नजर आए हैं। पेशम में एक और भ्रष्टाचार का बड़ा मामला सामने आया है मामला है बिना ज्ब्ठ खोदे ही लाखों के राशि की निक. ासी कर लिए जाने की। बता दें कि पेशम चौधरी टोला के नारायण चौधरी जिनका वर्क कोड 3419003024/IF@17 80901798117 जिसकी राशि 53,550 तथा परमेश्वर चौधरी जिनका वर्क कोड3419003024/प्थ्/17 80901798104 जिसकी राशि 624550 है। इन दोनों के जमीन पर ज्ब्ठ का निर्माण होना था और बिना कार्य के ही राशि की निकासी कर ली गई है। जबकि जमीन के स्वामी को पता भी नहीं की उनके नाम से उनके जमीन पर ज्ब्ठ की खुदाई हुई है। जब जमीन के स्वामी को मामले की जानकारी हुई तो दोनों ने अपने अपने जमीन पर जाकर देखा लेकिन कहीं भी ज्ब्ठ का पता नहीं चला। इस संदर्भ में जब रोजगार सेवक से जानकारी ली गई तो उन्होंने पहले तो कहा कि ज्ब्ठ का निर्माण हुआ है लेकिन जब मामला ग्रामीणों के बीच पहुँचा तो रोजगार सेवक ने कहा कि उन्हें गुम. राह कर योजना के राशि की निकासी कर ली गई है और ऐसा कहकर गलती स्वीकार की और संवेदकों और इस कार्य मे संलिप्त दोषियों पर कार्यवाई (रिकवरी) करने का ग्रामीणों को भरोषा दिया। दिन गुजर गए जब कोई कार्यवाई नहीं हुई तो दिनांक 17 दिसम्बर 2021 को प्रखंड विकास पदाधिकारी को आवेदन देकर मामले की जाँच कर दोषियों पर कार्यवाई की माँग की गई परंतु अभी तक कोई भी कार्यवाई नहीं की गई है। समाजसेवी माले युवा नेता विक्रम आनंद र०य आनंद जी ने बताया कि पंचायत में ऐसे अन्य कई मामले हैं जिसमें मुखिया एवं पंचायत पदाधिकारियों की मिलीभगत एवं भ्रष्ट नीतियों को उजागर करता है। प्रखंड विकास पदाधिकारी को आवेदन देकर मामले को संज्ञान में दिया गया है जिसकी सत्यता की जाँच कर दोषियों पर कार्रवाई में जिस प्रकार विलंब किया जा रहा वह कई सवाल खड़े करते हैं। अगर जल्द से जल्द कोई कार्यवाई नहीं होती है तो भाकपा माले आंदोलन करने पर विवश होगी।

## केशरवानी समाज ने दिखाया एकजुटता, सम्मानित हुए समाज के पदाधिकारी

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर कुमार**




डोमन जानकी केशरवानी समिति चौपारण द्वारा केशरवानी भवन में मिलन सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में चौपारण, तिलैया, बरही, चतरा, कान्हाचट्टी, हजारीबाग, बा. राचट्टी, दनुवा, बसरिया, इटखोरी, सहित कई स्थानों से समाज के पदाधिकारी व सक्रिय सदस्य एकत्रित होकर दिखाया एकजुटता। इस दौरान भिन्न भिन्न क्षेत्रों में समाज उत्थान में अपनी महती भूमिका निभाने वाले समाज के लोगों व पदाधिकारीयो को प्रसास्ति पत्र व शॉल देकर किया गया सम्मानित। कार्यक्रम की अगुवाई कर रहे राजेश केशरी ने बताया कि कार्यक्रम में आये प्रबुद्ध जनों ने समाज कल्याण व विकास पर अपना अपना विचार देते हुए मार्गदर्शन दिया। डॉ० रामानुज केशरी ने बताया कि समाज को एकजुट होकर समाज हित मे सोचने की जरूरत है। कहा भविष्य में समाज कल्याण के लिए ग्रामीण स्तर पर बैठक कर समाज मे छुपी कुरीतियों को दूर करने का निर्णय लिया गया। इससे पूर्व आयोजको ने अतिथियों को बुके देकर चौपारण में स्वागत किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में राजेश केशरी, शिव प्रसाद केशरी, डॉ० रामानुज केशरी, प्रकाश केशरी, युवा अध्यक्ष संतोष केशरी, सचिव अंकित केशरी, उपाध्यक्ष संगम केशरी, रंजीत केशरी, मुख्य संरक्षक उमेश केशरी, संरक्षक दिलीप केशरी, पप्पू केशरी, रोहित केशरी, रंजन केशरी, महामंत्री नंदू, अजय केशरी, इंद्रदेव केशरी, विशेष आमंत्रित सदस्य गोपाल केशरी, राजेश केशरी, अर्जुन प्रसाद केशरी, बृजनंदन प्रसाद केशरी आदि ने महती भूमिका निभाया।

## समाज कल्याण समिति बंदरकुप्पी, कोटवालडीह में मनाया अपना सातवीं वर्षगांठ

**अपेम लाइव : गिरिडीह**
**प्रमोद कुमार**



समाज कल्याण समिति के पदाधिकारियों एवम सदस्यों ने सातवीं वर्षगांठ बराकर शिव मंदिर के प्रांगण में बड़े धूमधाम से मनाया।इसकी स्थापन आज से 6 साल पहले हुई थी।यह जानकारी समिति के अध्यक्ष चेतलाल साहू ने दिया।और कहा कि यह समिति पूरे पंचायत में गरीब गुरुवा की हर कदम पर सहायता करती है।जब किसी भी गरीब व्यक्ति की जरुरत हो तो समिति के सदस्यों के द्वारा हर संभव मदद मिलती है।वहीं समिति के सचिव अजित पांडेय बताते है कि यह समिति 6 सालो से हर मोर्चे पर गरीब ग्रामीणों की मदद करती।चाहे किसी गरीब लड़की की शादी पूरा मैनेजमेंट समिति के द्वारा होती है। साथ ही साथ हर त्योहारो में शांति कायम करती है।अभी हाल में ही गरीबो को ठंड से बचने के लिए कम्बल वितरण भी किया गया। मोके पर समिति के अध्यक्ष चेतलाल साहू, सचिव अजीत पांडेय, कोषाध्यक्ष आकाश कुमार, गुप्ता महामंत्री शंकर केशरी, सदस्य सुनील साहू , देवानन्द साहू, प्रभाकर पांडेय, राजेन्द्र साव, राजीव कुमार साहू, दिलकेस्वर हासदा शामिल थे।

APEM LIVE

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## प्रशासन ने डोमादाड़ी में चला अतिक्रमण हटाओ अभियान,पूर्व मुखिया द्वारा किया गया चहारदीवारी पर चलाया जीसीबी

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर कुमार**




चौपारण प्रखंड के डोमादाड़ी में श्मशान घाट जाने वाला मार्ग में किया गया अतिक्रमण को प्रशासन ने सोमवार को जीसीबी मशीन लगवाकर हटा लिया है.सीओ ने बताया कि बेल पंचायत के पूर्व मुखिया मुरली दांगी द्वारा उक्त मार्ग पर अतिक्रमण किया गया था.ग्रामीणों की शिकायत पर स्थल जांच के क्रम में अतिक्रमण की पुष्टि हुई. प्रशासन द्वारा नोटिश भेज कर मुरली दांगी को अतिक्रमण हटाने की बात कही गयी थी.पर उन्होंने प्रशासन की बात को अनसुनी कर दिया. ततपश्चात प्रशासन ने अतिक्रमण को हटा दिया. क्या कहते मुरली दांगी – मुरली दांगी ने कहा वे उक्त जमीन को पपरो गांव के लोगों से केवाला लिए है. जिसका अंचल द्वारा दाखिल खरीद के बाद उनके नाम से सरकारी रसीद भी कट चुका है.बावजूद प्रशासन उसे सरकारी जमीन बताकर उनके द्वारा किया गया चहारदीवारी को तोड़वा दिया है ।

## मोटरसाइकिल चालक की मौत परिजन ने थाने में आवेदन सौंपा

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**


घटनास्थल पर शामिल थाना प्रभारी व अन्य लोग

बड़कागांव निवासी मुकेश कुमार सोनी पिता बुद्धि नाथ साव ने बड़कागांव थाने में आवेदन दे कर अपने छोटे भाई वीरेंद्र सोनी के हत्या का आरोप लगाया है। आवेदन में उल्लेख किया गया है की वीरेंद्र सोनी हीरो फिनक०र्प में कार्यरत था। सोमवार को लगभग 10रू30 बजे घर से काम के लिए निकला था। रास्ते में मह टिकरा से पहले छोटे पुल के पास गणेश महतो पिता सरजू महतो, मनोज महतो पिता गणेश महतो, सुनील महतो पिता सिकंदर महतो, विक्की महतो पिता सिकंदर महतो और जुगेश्वर महतो पिता खुशी महतो मिल कर वीरेंद्र सोनी को आता देख तार खींच दिया जो बिल्कुल नंगा था। तार गले में फंस गई और मोटरसाइकिल सहित वीरेंद्र गिर गया जिससे मौके पर ही वीरेंद्र की मृत्यु हो गई। घटना स्थल से वीरेंद्र का मोबाइल भी चोरी हो गया है। इस संबंध में वीरेंद्र की पत्नी, बेटा और बेटी को न्याय दिलाने के लिए उपरोक्त लोगों पर कार्यवाही करने का मांग की गई है। मामले को लेकर बड़कागांव थाना प्रभारी गौतम कुमार से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि लाश को पोस्टमार्टम को लेकर हजारीबाग दिया गया है मामले की तफ्तीश की जा रही है।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर,बरगंडा में आचार्य सेवानिवृत्ती पर विदाई सह सम्मान समारोह

**अपेम लाइव : गिरिडीह**
**प्रमोद कुमार**




सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बरगंडा में सोमवार को आचार्य की सेवानिवृत्ति पर विदाई सह सम्मान समारोह आयोजित किया गया। मौके पर प्रधानाचार्य शिव कुमार चौधरी ने कहा कि आज अपने विद्यालय के वरिष्ठ गणित आचार्य श्री प्रदीप सिंह की सेवानिवृत्ति पर सम्मान समारोह आयोजित किया गया है।यह विद्यालय के एक ऐसे आचार्य थे जिनके पढ़ाए हुए छात्र–छात्रा विभिन्न सेवाओं में कार्यरत हैं। यह विदाई नहीं बल्कि एक परंपरा का निर्वहन है।गणित के कठिन सवालों को अद्भुत कुशलता से सरल बना कर छात्रों के दिमाग तक पहुंचाने में ये माहिर थे। कठिन सूत्रों को भी निज ढंग से आसान कर देते थे। मौके पर समिति उपाध्यक्ष डॉ सतीश्वर प्रसाद सिन्हा ने कहा कि सेवानिवृत्ति एक अत्यंत व्यक्तिगत कार्यक्रम है।वैधानिक रूप से जब व्यक्ति किसी सेवा में आता है तो उसी दिन उसकी सेवानिवृत्ति की निश्चिंतता हो जाती है। प्रदीप जी विद्यालय की सेवा ईमानदारी पूर्वक किया एवं छात्रों में सकारात्मक भाव को भरने का काम किया। इस सम्मान समारोह में प्रदीप जी को श०ल, पुष्पगुच्छ, अर्जित अवकाश मानधन, ग्रेच्युटी,प्रशस्ति पत्र आदि प्रदान की गई।समिति सचिव दीपक शर्मा ने प्रदीप जी को अंगूठी पहना कर सम्मानित किया।मौके पर श्री अरविंद कुमार त्रिवेदी,राजीव सिन्हा,सुम्मी सौरभ, गीता चरणपहाड़ी ने अपने उद्‌गार उनके साथ बीते हुए पल को साझा किया।वहीं राजीव रंजन,पृथा सिन्हा, निशा श्रेष्ठ, बेबी सरकार बिपिन सहाय, मनीष पाठक ने संयुक्त रूप से विदाई गीत का गायन किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में अजीत कुमार मिश्रा राजेंद्र लाल बरनवाल नागमणि सिंह शि. वनंदन कुशवाहा उमेश पाण्डेय कोकिलचंद आदि का सराहनीय योगदान रहा।

## झारखण्ड प्रभारी व सह प्रभारी से मिले कॉंग्रेस नेता अरुण साहू

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**




झारखंड प्रदेश के युवा कांग्रेस नेता व तेली समाज के प्रदेश अध्यक्ष अरूण साहु ने आज अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के महासचिव, झारखंड प्रभारी अविनाश पांडे एवं सह प्रभारी उमंग सिंघार से राजकीय अतिथिशाला मोरहाबादी, रांची में मुलाकात किया। इस दौरान उन्हानें ने दोनों प्रभारियों को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। उन्होंने प्रभारी से बा. तचीत के क्रम में कहा कि आपको झारखंड के प्रभारी बनाये जाने से पूरा प्रदेश में कांग्रेस नेता व कार्यकर्ताओं में उत्साह का लहर है। आने वाले समय में कांग्रेस पार्टी प्रदेश, जिला एवं लो. कसभा, विधानसभा क्षेत्र में काफी मजबूती पेश करेगी। आपके एवं प्रदेश अध्यक्ष के मार्गदर्शन से हमें जो भी संगठन की जिम्मेवारी मिलेगी, उसे पूरी निष्ठा पूर्वक निर्वह्व करेंगे। झारखंड प्रदेश के युवा कांग्रेस नेता व तेली समाज के प्रदेश अध्यक्ष अरूण साहु ने प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर और सभी कार्यकारी अध्यक्षों को भी सम्मानित कर उनसे मार्गदर्शन और आशीवार्द प्राप्त किय।

